राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2019-20

drishtiias.com/hindi/printpdf/state-food-safety-index-2019-20

प्रीलिम्स के लिये:

FSSAI, 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक,

मेन्स के लिये:

खाद्य सुरक्षा से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 'भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' (Food Safety and Standards Authority of India- FSSAI) द्वारा 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2019-20' (State Food Safety Index, 2019-20) जारी किया गया है।

प्रमुख बिंदु:

- वर्ष 2019-20 के खाद्य सुरक्षा सूचकांक में देश के बड़े राज्यों में गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र शीर्ष पर रहे।
- इस सूचकांक में छोटे राज्यों में गोवा पहले जबकि मणिपुर और मेघालय क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।
- केंद्र शासित प्रदेशों की सूची में चंडीगढ़ को पहला स्थान प्राप्त हुआ जबकि इसी श्रेणी में दिल्ली और अंडमान द्वीप समूह को क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- इस सूचकांक को 7 जून, 2020 को '<u>विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस</u>' के अवसर पर एक वेबिनार के माध्यम से जारी किया गया था।
- इस आयोजन का विषय 'खाद्य सुरक्षा सभी का सरोकार' (Food Safety is Everyone's Business) रखा गया था।

खाद्य सुरक्षा पर FSSAI के प्रयास:

- इस अवसर पर FSSAI द्वारा 'ईट राइट ड्यूरिंग COVID-19' (Eat Right during COVID-19) शीर्षक से एक हैंडबुक जारी की गई।

- इसमें नियमित रूप से पालन की जाने वाली खाद्य सुरक्षा की आदतों को रेखांकित किया गया है और स्वास्थ्य तथा पोषण के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिये गए हैं।
- वर्तमान में COVID-19 महामारी के बीच खाद्य पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिये FSSAI द्वारा महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।
- इस वेबिनार के माध्यम से FSSAI द्वारा 'COVID-19 महामारी के दौरान खाद्य व्यवसायों के लिये खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा दिशा-निर्देश' (Food Hygiene and Safety Guidelines for Food Businesses during the COVID-19 pandemic) नामक एक अद्यतन विस्तृत मार्गदर्शन नोट जारी किया गया।
- इस दस्तावेज़ में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में COVID-19 के प्रसार को रोकने के लिये स्वच्छता और सफाई की आवश्यकताओं, प्रबंधन की ज़िम्मेदारी और क्षेत्र विशिष्ट की ज़रूरतों को रेखांकित किया गया है।

राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक:

- **राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक को 'भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण' द्वारा जारी किया जाता है** ।
- इस सूचकांक में खाद्य सुरक्षा के पाँच मानकों के आधार पर राज्यों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है:
  1. मानव संसाधन और संस्थागत डेटा
  2. अनुपालन
  3. खाद्य परीक्षण सुविधा
  4. प्रशिक्षण
  5. उपभोक्ता संरक्षण के लिये क्षमता निर्माण
- 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2019-20' FSSAI के द्वारा दूसरी बार जारी किया गया है।

    ध्यातव्य है कि इस सूचकांक की शरुआत वर्ष 2019 में पहले 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस' के अवसर पर की गई थी।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण'

(Food Safety and Standards Authority of India- FSSAI):

- FSSAI की स्थापना खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (Food Safety and Standards Act, 2006) के तहत वर्ष 2008 में की गई थी।
- FSSAI की स्थापना केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत की गई है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
- FSSAI पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का कार्य करता है।
- साथ ही FSSAI खाद्य सुरक्षा और खाद्य मानकों के बारे में सामान्य जागरूकता को बढ़ावा देने का कार्य करता है।

स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स